तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 29 अगस्त 2025



13 भाईचारे को बढ़ावा देता है गणेश महोत्सव : मनमोहन





14 सचिवालय व कोर्ट परिसर में पार्किंग की जगह नहीं




## खबर संक्षेप

### दाखिले के लिए एक तक ऑनलाइन आवेदन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के महर्षि दयानंद एवं वैदिक अध्ययन केंद्र में संचालित पाठ्यक्रमों में सत्र 2025-26 में एडमिशन लेने के लिए 1 सितंबर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि महर्षि दयानंद एवं वैदिक अध्ययन केंद्र में संचालित पाठ्यक्रमों-पीजी डिप्लोमा इन कर्मकांड, सर्टिफिकेट कोर्स इन फिलॉस्फी ऑफ दयानंद, सर्टिफिकेट कोर्स इन इंट्रोडक्शन टू इंडियन नॉलेज सिस्टम, सर्टिफिकेट कोर्स इन इंडियन लॉजिक में एडमिशन के लिए अभ्यर्थी 1 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी विश्विद्यालय वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### युवक अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। प्रभारी पीओ स्टाफ पीएसआई कृष्ण ने बताया कि गांव खिड़वाली के पास गश्त में मौजूद थी। इस दौरान गांव खिड़वाली ड्रेन नंबर आठ सांघी रोड के पास से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान अजय उर्फ एके निवासी खिड़वाली के रूप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर युवक के पास से 1 देसी पिस्तौल बरामद हुआ है।

### 10 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की साइबर क्राइम थाना की टीम ने 10 लाख 14 हजार रुपये की ठगी के मामले में बीकानेर से एक आरोपी सूर्या प्रकाश को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके 7 दिन के रिमांड पर लिया गया। साइबर क्राइम प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि मोरखेडी निवासी जतिन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में सामने आया कि 11 अगस्त को जतिन के पास टेलीग्राम आईडी पर वर्क फ्रॉम होम के नाम का मैसेज आया। जतिन के पूछने पर होटल की रेटिंग देने बारे कहा गया। जतिन के हां करने पर जतिन को टेलीग्राम मे एक ग्रुप में जोड़ा गया। जतिन को 7 हजार रुपये का टास्क दिया गया। टास्क पूरा करने पर जतिन के नाम पर उनके द्वारा बनाई गई आईडी पर 14 हजार रुपये का मुनाफा दिखाया गया। जतिन को आगे 28 हजार रुपये का टास्क दिया गया। जतिन ने अपने अकाउंट से विड्रोल करना चाहा जो नहीं हुआ। जतिन को बताया कि 64 हजार रुपये का और टास्क पूरा करना होगा। इस तरह आरोपियों ने दस लाख रुपये से ज्यादा ठग लिए।

### गणेश प्रतिमा विसर्जन को सिंचाई विभाग अलर्ट, छह को दिल्ली बाईपास पर ही लगेगा ऑफिस

# विसर्जन के दिन श्रद्धालुओं को नहर में फूल व पूजा सामग्री डालने रोका जाएगा, कर्मचारी रहेंगे तैनात

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

■ पुलिस को भी निर्देश, गश्त लगाएंगे कर्मचारी

लोग नहरों के बहते निर्मल जल में गंदगी न डालें, इसको लेकर संगठन कई साल से प्रयास कर रहे हैं। लेकिन इसका कोई भी आउटपुट आज तक निकला नहीं हैं। यूं कहें कि पहले की तरह लोगों द्वारा ऐसे ही नहरों में पूजा-अर्चना की सामग्री डाली जा रही है। अब 6 सितंबर को गणेश विसर्जन होना है। इसको लेकर सिंचाई विभाग का जवाहरलाल नेहरू फीडर स्टॉफ अलर्ट पर हो गया है। तय किया है कि विसर्जन वाले दिन अधिकारियों और कर्मचारियों के दफ्तर नहर पर (दिल्ली बाईपास) ही लगेंगे। यहां तीन एसडीओ, जिलेदार, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट, हैड ड्राफ्ट्समैन, प्रभागीय लेखाधिकारी विभाग का कामकाज निपटाएंगे। केवल जेएनएल के अधिकारी/कर्मचारी केवल जेएनएल में प्रतिमाओं को डालने से लोगों को रोकेंगे। वहीं जिला पुलिस को भी अलर्ट किया गया है। पुलिस गश्त करके लोगों को यहां प्रतिमा विसर्जन करने से रोकेगी।

#### नहीं लगाई ड्यूटी

जेएनएल के साथ बह रही भालौठ सब ब्रांच में लोग बेशक प्रतिमाएं डाल दें, वहां रोकने के लिए सिंचाई विभाग ने फिलहाल तक किसी ड्यूटी नहीं लगाई है।



#### जागरूकता अभियान का आउटपुट नहीं निकलता

सिंचाई विभाग के एक अधिकारी न नाम छापने की शर्त पर बताया कि इसका आऊटपुर आज तक तो कुछ निकला नहीं। ऐसे में ये समय की बर्बादी के अलावा कुछ भी नहीं है। लोग गंदगी डालने से मान नहीं रहे हैं तो सरकार ने सख्त एक्शन लेना चाहिए। एक दिन गणेश विसर्जन के अवसर पर वहां पांच सात घंटे खड़े होकर क्या लोगों की मानसिकता हम बदल देंगे, ऐसा अफसर का कहना था। जब तक सरकार इसको लेकर सख्त कानून नहीं बनाएगी, तब तक लोग नहरों में गंदगी डालना बंद करेंगे नहीं। अधिकारी ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू(जेएनएल) फीडर में क्या अलग से गंदगी डाली जाती है, जो इतने इंतजाम एक दिन के लिए किए जा रहे हैं। इसके साथ से बह रही भालौठ सब ब्रांच पर सिंचाई विभाग अपने अफसरों को क्यों खड़ा करता, ये सवाल सिंचाई विभाग के अफसर ने ही खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि केवल खुद के प्रचार-प्रसार के लिए ऐसा किया जा रहा है।

#### नहर पर लगे रहते हैं गदंगी के ढेर

संचार के क्षेत्र में आई क्रांति के बाद भी क्या लोग किसी भी चीज के अच्छे और बुरे परिणामों से वाकिफ नहीं हैं। अगर नहीं है तो फिर वे जागरूक होंगे कैसे। नहरों की सफाई को लेकर हम कितने जागरूक हैं, इसकी बानगी आप खुद जाकर देख लें। सेक्टर दो की पुलिया नहर के पास खुले में इतना गंद पड़ा है कि वहां निकलने पर आपका सिर चक्कराने लगे। इतना नहीं, जिस दिन गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन होगा, तब एक बार खुद जाकर देख लेना कि जागरूकता अभियानों के बाद भी लोग नहरों में पूजा-अर्चना के अवशेष डालने से चूकते नहीं।

#### कार्यकारी अभियंता ने पत्र भेजा

बताया जा रहा है कि भालौठ सब ब्रांच स्टॉफ अपना समय ऐसे काम के लिए लगाता नहीं है। ऐसे में जेएनएल के अधिकारी/ कर्मचारी जवाहर लाल नेहरू फीडर में खतरनाक केमिकलों से बनी प्रतिमाओं को नहीं डालने देंगे। सिंचाई विभाग के अलावा पुलिस और नगर निगम के कर्मचारी भी विसर्जन वाले दिन यहां मौजूद रहेंगे। इनकी ड्यूटी के लिए कार्यकारी अभियंता ने पत्र भेजा है।

#### एसपी ने चौकी प्रभारियों को जारी किए दिशा-निर्देश

नहर पर गणेश विसर्जन न हो, इसके लिए जिला पुलिस भी अलर्ट हो गई है। एसपी नरेंद्र बिजराणिया की तरफ से सम्बंधित थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, पीसीआर और राइडर को आदेश दिए गए हैं कि वह नहरों की तरफ निगरानी करें और गश्त करें ताकि यहां कोई गणेश प्रतिमा विसर्जन न कर सके और कोई हादसा न हो।

#### गणेश उत्सव को लेकर उत्साह



गणेश पर्व को लेकर शहर के लोग पूरी तरह से अंजान थे। गणेश चतुर्थी पर कोई आयोजन नहीं होता था। लेकिन अब 50-60 प्रतिशत परिवार पर्व को मनाते हैं। लेकिन अब साल दर साल पर्व को मनाने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। उत्सव को लेकर शहर में कई दिन से तैयारियां चल रही है।

## बारिश से घर की छत गिरी बाल-बाल बचा एक परिवार



**महम।** वार्ड 10 में बारिश से गिरी मकान की छत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

■ घर में रखा सामान क्षतिग्रस्त, परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की लगाई गुहार

कस्बा महम के वार्ड दस में बारिश की वजह से एक मकान की छत गिर गई। गनीमत रही कि उस वक्त छत के नीचे परिवार का कोइ सदस्य मौजूद नहीं था।

महम नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड 10 के परस वाला मोहल्ला में राजीव पुत्र घासी राम का परिवार गरीब रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहा है। मंगलवार को हुई तेज बारिश की वजह से राजीव के मकान की छत गिर गई।

जिस वजह से कमरे में रखा घर का सामान भी मलबे में दब गया। परिवार के सदस्यों ने सरकार व प्रशासन से नुकसान की भरपाई के लिए आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की है।

## गदंगी फैलाने वालों पर निगम सख्त

**रोहतक।** नगर निगम ने स्वच्छता अभियान के तहत बड़ी कार्यवाही करते हुए गंदगी फैलाने वाले दो गंडासों पर सीलिंग की कार्रवाई की है। पूर्व में झज्जर चुंगी पर स्थित गंडासों के चालान किए गए थे और उन्हें चेतावनी भी दी गई थी, लेकिन बार-बार नियमों की अवहेलना करने और चारा सड़क पर डालने के कारण यह कदम उठाना पड़ा। गंडासों की वजह से पशुओं का जमावड़ा सड़क पर हो रहा था, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम सख्ती से ऐसे लोगों पर कार्रवाई करेगा जो शहर में गंदगी फैलाते हैं। इसी क्रम में नगर निगम के विशेष अधिकारी (स्वच्छता) प्रदीप कौशिक ने भवन शाखा के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में निर्देश दिए गए कि निर्माण एवं विध्वंस से निकला मलबा खुले में या सड़क पर डालने वालों पर तुरंत कार्यवाही की जाए। निगम की टीम ने मौके पर जाकर कार्यवाही करते हुए खुले में मलबा डालने पर 7 चालान काटे, जिनकी कुल राशि 50,000 रुपये रही।

## जियो फेंसिंग हाजिरी के विरोध में उतरे स्वास्थ्य कर्मचारी



**रोहतक।** जियो फेंसिंग लोकेशन आधरित उपस्थिति दर्ज करने आदेश के विरोध में जिला की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में कार्यरत अधिकारियों, चिकित्सकों, नर्सिंग तथां स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सुबह 9 बजे से 5 बजे तक उपवास रखकर रोष प्रकट किया। सिविल सर्जन कार्यालय के सम्मुख रोष प्रदर्शन करके सिविल सर्जन रमेश के माध्यम से ज्ञापन देकर राज्यपाल तथा सरकार से पुन माग की गई कि उक्त गैर कानूनी आदेश पर पुन विचार करते हुए तुरन्त प्रभाव से निरस्त करना चाहिए। तालमेल कमेटी के नेताओं ने बताया कि यदि इस रोष प्रदर्शन के बावजूद भी जियो फेंसिंग लोकेशन आधरित उपस्थिति दर्ज करने के उक्त आदेश को निरस्त नहीं किया गया तो 7 सितंबर को स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी की राज्य कार्यकारिणी की होने वाली बैठक में निर्णायक आन्दोलन का ऐलान कर दिया जाएगा।

#### ज्ञापन सौंपा

उन्होंने बताया कि प्रदेश के चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी लौकतान्त्रिक तरीके से लागतार शान्तिपूर्वक आन्दोलन करते हुए 8 जुलाई को स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी द्वारा स्वास्थ्य मन्त्री आरती सिंह राव को ज्ञापन सौंपा था। राव ने स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी को आश्वासन दिया था कि इसका समाधान निकाला जाएगा।

## जिला स्तरीय खेल आज से, उपायुक्त ने अफसरों के साथ लिया तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने स्थानीय राजीव गांधी खेल परिसर में मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर 29 से 31 अगस्त तक आयोजित होने वाली जिला स्तरीय खेल गतिविधियों की तैयारियों का निरीक्षण किया तथा मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय खेल गतिविधियों को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए सभी विभागाध्यक्ष उन्हें सौंपी गई जिम्मेवारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। जिला स्तरीय खेल गतिविधियों का 29 अगस्त शुक्रवार को खेल परिसर स्थित हॉकी ग्राउंड से शुभारंभ होगा। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ राजीव गांधी खेल परिसर में खेल गतिविधियों के आयोजन स्थलों का निरीक्षण किया।



#### एडीसी को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी

उन्होंने कहा कि अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार को जिला स्तरीय खेल गतिविधियों के सुचारू आयोजन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला खेल अधिकारी नोडल अधिकारी के साथ तालमेल कर सभी संबंधित तैयारियां पूर्ण करवाएं। उन्होंने कहा कि जिला में 29 से 31 अगस्त तक स्थानीय राजीव गांधी खेल परिसर में लड़के व लड़कियों के लिए सायं साढे 3 बजे हॉकी, जूडो, बॉक्सिंग, कबड्डी, साइकिलिंग, हैंडबॉल एवं वॉलीबॉल की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाएगी। गुप्ता ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे खेल गतिविधियों के सभी प्रतिभागियों की सुरक्षा के साथ-साथ पार्किंग, यातायात व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के प्रबंध करेंगे। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नगर निगम द्वारा खेल परिसर की साफ-सफाई तथा पर्याप्त संख्या में अस्थाई मोबाइल शौचालय उपलब्ध करवाए जाए। इन खेल गतिविधियों का लाइव टेलीकास्ट करवाया जाएगा।डीसी सचिन गुप्ता ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे खेल गतिविधि स्थलों पर आम जनता व अधिकारियों इत्यादि के लिए पेयजल के पुख्ता प्रबंध करवाएं।

## विश्व उद्यमिता दिवस पर छात्रों ने बनाए पोस्टर



**रोहतक।** हरियाणा के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग के निर्देशानुसार राजकीय आईटीआई में उद्यमिता पखवाड़े का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से तीन प्रतियोगिताएं उद्यमिता विषय पर आयोजित करवाई गई, जिसमें स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग एवं आइडिया कॉन्सेप्ट/(विचार गोष्ठी) शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं में संस्थान के 80 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में कौशल विकास एवं उद्यमिता की भावनाओं को बढ़ाना है। कार्यक्रम के लिए संस्थान की ओर से एम्पलाईबिलिटी स्किल अनुदेशक सुनैना, प्रीति गोयल एवं इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक अनुदेशक पिंकी को कोर्डिनेटर नियुक्त किया गया था। यह कार्यक्रम संस्थान स्तर पर आयोजित किया गया। इसके पश्चात जिला के सभी संस्थानों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों का 9 सितंबर को राजकीय आईटीआई में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

### पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में वर्कशॉप में बोले विशेषज्ञ

# एआई को मेडिकल साइंस से जोड़कर स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नई क्रांति लाई जा सकती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अब समय बदल रहा है और एआई का जमाना आ गया है ऐसे में एआई इंजीनियरिंग और मेडिकल साइंस का जोडकर मरीजों के इलाज में नई क्रांति ला सकता है, जिससे मरीजों को सटीक इलाज के साथ-साथ जल्दी इलाज की सुविधा भी उपलब्ध हो सकती है। यह कहना है एनएएमएस सेल के स्टेट कन्वीनर डॉ. ध्रुव चौधरी का। वें गुरुवार को पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय और नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय सीएमई कम वर्कशॉप में चिकित्सकों व विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सीएमई में आने पर सभी का स्वागत करते हुए डॉ. ध्रुव चौधरी ने कहा कि इस सीएमई के लिए एनएमसी द्वारा 4 क्रेडिट घंटे भी प्रदान किए गए हैं।

#### एआई का महत्व बढ़ा : सचिन गुप्ता

सीएमई में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा आज के इस युग में एआई का महत्व अवश्य बढ़ गया है और इससे कार्य के लिए योजना बनाने में काफी मदद मिलती है, परंतु यह इंसान की जगह नहीं ले सकता है। विशिष्ट अतिथि एनएएमएस के अध्यक्ष डॉ. दिगंबर बेहरा ने कहा कि बायोटेक्नोलोजी मरीजों के इलाज में काफी मददगार होती है। टेलीमेडिसिन, एआई, रोबोटिक तकनीक इसी की इजाद है जिससे मरीज का सटीक इलाज हो पाता है और मरीजों का डिजिटल डाटा रखने में भी मदद मिलती है। डॉ. दिगंबर बेहरा ने बताया कि नैनो टेक्नोलॉजी से मरीज का अच्छा प्रबंधन हो पाता है। एनएएमएस सैल हरियाणा की नोडल अधिकारी डॉ. माला कंबोज ने बताया कि इस वर्कशॉप के उद्देश्य है ए.आई. की मेडिकल के क्षेत्र में महत्वत्ता पर चर्चा। उन्होंने कहा कि आने वाला युग ए.आई. का है, ऐसे में हमें मेडिकल के क्षेत्र में भी इसकी उपयोगिता के बारे में पता होना चाहिए।



**रोहतक।** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता को स्मृति चिन्ह देते कुलसचिव डॉ. रूपसिंह, डीन डॉ. अशोक चौहान, प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी व डॉ. ध्रुव चौधरी।

#### कम लागत में ऐसी चीज तैयार करें, जो मरीजों को फायदा पहुंचाएं

जाने माने पेडिअट्रिशन डॉ सतीश देव पुजारी ने अपने व्याख्यान में बताया कि हमें प्रयास करना चाहिए कि हम बहुत कम लागत में ऐसी चीज तैयार करें जिससे मरीजों को फायदा पहुंच सके। उन्होंने बताया कि उन्होंने एक नाम मात्र लागत में मरीजों को सांस लेने में सहायता प्रदान करने वाली डिवाइस प्राण सेतु बनाया था जो पहला ऐन ई वी डिवाइस है। डॉ सतीश देव ने बताया कि उनके इसके साथ ही कई और भी डिवाइस है जो मरीज के लिए काफी लाभप्रद साबित हो रहे हैं। उन्होंने प्रौद्योगिकी को वहां तक पहुंचाने के महत्व पर जोर दिया जहां इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है, विशेष रूप से क्लीनिकल प्रैक्टिस और रोगी देखभाल में। डॉ माला कंबोज ने बताया कि सीएम के दौरान तीन वर्कशॉप भी आयोजित करवाई गई जिसमें पहले वर्कशॉप डॉ. आशीष मकानी ने करवाई जिसमें आई एजेंट इन मेडिसिन पर विस्तार से समझाया गया। दूसरी वर्कशॉप में डॉ. रिंटू ने इलेक्ट्रॉनिक डाटा एक्सट्रैक्शन पर विस्तार से समझाया। तीसरी वर्कशॉप में डॉ. हिमांशु ने ई उपचार के बारे में बताया।

#### रेडियोलॉजी में एआई के महत्व पर मंथन

डॉक्टर माला कंबोज ने बताया कि सीएम में डॉ. अनुराग अग्रवाल ने एआई के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ अंजलि अग्रवाल ने रेडियोलॉजी में एआई की महत्वता और एक्स-रे देखने में यह प्रयोग के बारे में समझाया। डॉ पूजा शर्मा ने डिजिटल हेल्थ और एआई -ड्रिवेन एन्त्रेप्रेयूर्शिप के बारे में विस्तार से बताया। आईआईटी दिल्ली से आए डॉक्टर तवप्रीतेश सेठी ने अपने व्याख्यान में बताया कि कैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल को जोड़ से इलाज में क्रांति लाई जा सकती है।

## नई पहल : मेडिकल स्टोर संचालकों ने दुकानों पर रखवाए डस्टबिन

■ रोहतक को बनाएंगे प्रदेश के सबसे स्वच्छ शहर : प्रदीप कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम के विशेष अधिकारी (स्वच्छता) प्रदीप कौशिक के आह्वान पर स्थानीय मेडिकल मोड़ स्थित सभी मेडिकल स्टोर संचालकों ने अपनी दुकानों पर कचरा डालने के लिए डस्टबिन रखवा दिए हैं। यह कदम सरकार और जिला प्रशासन की उस मुहिम को सफल बनाने की दिशा में उठाया गया है, जिसके तहत रोहतक शहर को प्रदेश का सबसे स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। नगर निगम के विशेष अधिकारी लगातार दुकानदारों, नागरिकों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के संचालकों को प्रोत्साहित कर रहे हैं कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर डस्टबिन जरूर रखें। उन्होंने कहा कि मेडिकल मोड़ स्थित दुकानदारों ने उनकी अपील का सकारात्मक जवाब देते हुए डस्टबिन रखवाए हैं।



#### शहर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने का आह्वान

निगम की कचरा एकत्रित करने वाली गाड़ियां प्रतिदिन इन डस्टबिन से कचरा उठाकर निस्तारित कर रही हैं। प्रदीप कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा शुरू किए गए हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए जनसहभागिता बेहद जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों में डस्टबिन रखें। ऐसा करने से शहर की सुंदरता और स्वच्छता बनाए रखने में सभी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि पहल में सबका साथ जरूरी है।

बच्चो, नन्ही उम्र में भी बड़ी से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है, अगर हौसले बुंदल हों तो। यह बात स्पोर्ट्स की फील्ड में भी लागू होती है। हम तुम्हें विभिन्न खेलों में बेहद कम उम्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने देश का नाम रोशन करने वाले कुछ नन्हे खिलाड़ियों के बारे में बता रहे हैं। बच्चो, तुम इनसे प्रेरणा लो और तुम भी अपना नाम रोशन करो।

मिसाल
शिखर चंद जैन

# छोटी उम्र के बड़े खिलाड़ी



## वैभव सूर्यवंशी
### आईपीएल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी

**19 अप्रैल** 2025 को बिहार के वैभव सूर्यवंशी 14 वर्ष और 23 दिन की उम्र में जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स टीम के लिए डेब्यू किया और इसके साथ ही वह आईपीएल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। उन्होंने पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर अपने करियर की शुरुआत शानदार अंदाज में की। वैभव ने आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में शतक बनाकर रिकॉर्ड बनाया और टी-20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने। वैभव ने जनवरी में बिहार की तरफ से फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया था और अंडर-19 टेस्ट सीरीज में शतक बनाया था। वैभव ने 12 साल और 284 दिन की उम्र में बिहार के लिए रणजी ट्रॉफी में पदार्पण किया था, जिससे वह सबसे कम उम्र के डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों में से एक बन गए। *

## तन्वी पत्री
### बैडमिंटन में बढ़ती पहचान

**जूनियर पीवी** सिंधु के नाम से मशहूर ओडिशा की तन्वी पत्री जब स्वर्ण पदक जीतकर अंडर-15 गर्ल्स एशियन चैंपियन बनीं तो हर किसी की नजर उन पर टिक गई। तन्वी ने 5 साल की उम्र से बैडमिंटन खेलना शुरू कर दिया था।



13 साल की उम्र तक आते-आते वह बैडमिंटन की दुनिया का जाना-पहचाना चेहरा बन गईं। तन्वी ने स्टेट के साथ-साथ नेशनल-इंटरनेशनल लेवल पर कई स्पोर्ट्स इवेंट्स में भाग लिया और कई पदक अपने नाम किए हैं। तन्वी के माता-पिता रबी नारायण पत्री और शैलबाला सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। वह पहले चीन में काम करते थे, यहीं तन्वी ने बैडमिंटन खेलना शुरू किया। तन्वी ने 2017 और 2020 के बीच चीन में नौ खिताब जीते थे। इससे बाद उनका परिवार कोविड-19 महामारी के कारण भारत लौट आया। 2022 में प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी (पीपीबीए) में शामिल हो गईं। तन्वी टैंकिंग बैडमिंटन चैंपियनशिप में लड़कियों का एकल खिताब जीतने वाली ओडिशा की पहली शटलर बनीं। वह चीन के चेंगदू में चेंगदू विश्वविद्यालय में एशियाई जूनियर (यू-15 यू-17) बैडमिंटन चैंपियनशिप में महिला अंडर-15 एकल में स्वर्ण पदक जीतने वाली तीसरी भारतीय शटलर बनीं। तन्वी का सपना है कि वह ओलंपिक में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतें। *

## लव-कुश
### देश के सबसे नन्हे पहलवान

**मथुरा निवासी** 6 वर्षीय दो जुड़वा भाई लव-कुश को देश के सबसे छोटे पहलवानों के रूप में पहचाना जाता है, जो अपनी छोटी उम्र में इतनी शारीरिक शक्ति के लिए जाने जाते हैं। वे दोनों रोजाना कई किलोमीटर दौड़ते हैं और बड़ी संख्या में सपाटे (दंड-बैठक) मारते हैं। लव-कुश सोशल मीडिया पर काफी प्रसिद्ध हैं। लव-कुश ने 5 साल की उम्र में वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया था, जिसमें 50 मिनट में 1000 सपाटे और 10 किलोमीटर की दौड़ शामिल थी। *



## धिनिधि देसिंघु
### लहरों से खेलने वाली लड़की



**कर्नाटक के** बेंगलुरु की रहने वाली 14 वर्षीय धिनिधि देसिंघु, एक भारतीय तैराक हैं। वैसे तो वह 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्वीमिंग में एक्सपर्ट है लेकिन इसके साथ ही वह 100 मीटर फ्रीस्टाइल और 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में भी पार्टिसिपेट करती है। धिनिधि ने पिछले वर्ष पेरिस में आयोजित ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा के लिए अर्हता प्राप्त की थी। वह पेरिस ओलंपिक के साथ-साथ 2022 के एशियाई खेलों में भी सबसे कम उम्र की भारतीय एथलीट भी थीं। धिनिधि ने 2018 में तैराकी को एंटरटेनिंग स्पोर्ट के रूप में शुरू किया था। लेकिन जल्द ही प्रतिस्पर्धी तैराकी को अपना लिया। वह 2023 में सुर्खियों में आईं, जब उन्होंने जूनियर और सब-जूनियर नेशनल एक्वेटिक चैंपियनशिप में 100 मीटर फ्रीस्टाइल में नेशनल रिकॉर्ड बनाया। इसके साथ ही 200 मीटर फ्रीस्टाइल और 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में दो और रिकॉर्ड बनाए। धिनिधि ने गोवा में हुए राष्ट्रीय खेलों में सात स्वर्ण पदक जीते और दोहा में हुई विश्व चैंपियनशिप में भी हिस्सा लिया। 2024 में धिनिधि ने कर्नाटक मिनी ओलंपिक, कर्नाटक जूनियर और सब-जूनियर एक्वेटिक चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता। *

# क्यों जरूरी है खेलना

जरूरी बात
मोनिका शर्मा



खेलना, हर बच्चे को खूब भाता है। स्कूल का ग्राउंड हो या घर का आंगन या फिर गली-मोहल्ला, यहां अपने फ्रेंड्स के साथ खेलते हुए सबसे ज्यादा खुशी मिलती है। खेलते समय ही नए दोस्त भी बनते हैं। अपनी टीम बनाने और जीतने के ट्रिक्स सीखने का मौका भी मिलता है। मेहनत से जीत पाने का आत्मविश्वास और जज्बा भी आता है। एक्टिव और फिट रहने में मदद मिलती है। शरीर ही नहीं, मन ऊर्जा से भर जाता है। ऐसी बहुत सी प्यारी और जीवन से जुड़ी जरूरी बातों को सीखने के लिए खेलना बहुत जरूरी है।

**छोड़ो स्क्रीन गेम:** बच्चो, यह चिंता की बात है कि तुम सबका धमा-चौकड़ी मचाते, भागते-दौड़ते हुए खेलना अब कम होता जा रहा है। असल में स्मार्ट गैजेट्स तुम्हारा खेलने का समय चुरा रहे हैं। तुम सब स्क्रीन के मैदान में ही खेलने लगे हो। कभी कुछ कंटेंट देखते रहते हो या कोई वीडियो गेम खेलते हो। यह सही नहीं है। बच्चो, स्क्रीन के गेम छोड़कर घर से बाहर निकलना और अपनी रुचि का कोई खेल खेलना जरूरी है। स्क्रीन वाले गेम्स तुम्हारी आईसाइट कमजोर करते हैं। दिमाग को थकाते हैं। शरीर का पॉस्चर बिगाड़ते हैं। वहीं दूसरी ओर बैडमिंटन, टेबल टेनिस, क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल जैसे मैदान में खेलने वाले गेम्स दिमाग के साथ शरीर को एक्टिव और ऊर्जावान रखते हैं। घर के अंदर खेले जाने वाले शतरंज, कैरम और लूडो जैसे गेम्स सोचने-समझने की शक्ति बढ़ाते हैं।



**खेलो नए पुराने खेल:** बच्चो, कबड्डी, लुका-छिपी, खो-खो, सतोलिया, स्टापू, रस्सी कूद, गिल्ली डंडा, रुमाल झपट, लट्टू और कंचा जैसे कई मजेदार खेलों को अब लोग भूल रहे हैं। ऐसे ट्रेडिशनल खेल शरीर और दिमाग दोनों को एक्टिव बनाने वाले हैं। बच्चो, इन खेलों को तुम मम्मी-पापा या दादू-दादी के साथ भी खेल सकते हो। तुम्हारे साथ में उनको भी बहुत खुशी मिलेगी। इससे फिटनेस, फोकस और सक्रियता जैसी सौगातें तो हिस्से आएंगी ही, अपनों का प्यार भी मिलेगा। उनके साथ मस्ती भरा समय बीतेगा। परिवार के बड़े मेंबर्स के साथ उनके बचपन से जुड़े खेल खेलते हुए टाइम बिताना फैमिली बॉन्डिंग को मजबूत करेगा।

**खेलने से अनगिनत फायदे:** बच्चो, खेल खेलने से अनगिनत फायदे होते हैं। नियमित खेलने की आदत बनते ही तुम्हें अपने आप में कई पॉजिटिव बदलाव दिखने लगेंगे। आउटडोर हो या इंडोर, अपनी रुचि का खेल खेलने से तुम परिस्थितियों से लड़ना सीखोगे। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर अच्छा असर पड़ेगा। टीम स्पिरिट बढ़ेगी। हार-जीत से दूर मेहनत करते रहने की सोच को बल मिलेगा। यह बात पढ़ाई में भी बेहतर परफॉर्म करने में मदद करने वाली है। असल में खेल दिमाग को सक्रिय रखते हैं। इसलिए कुछ नया सीखने में भी आसानी रहती है। तुम्हारे डेली रुटीन में डिसीप्लीन आ जाएगी। इमोशनली भी किसी बात से परेशान होने के बजाय खेल हर इंसान को धैर्य और समझ के साथ जीवन के मैदान में डटे रहना सिखाते हैं। जिंदगी के हर फ्रंट की बेहतरी खेलों से जुड़ी है। बच्चो, इन बातों को जानकर तो तुम समझ ही गए होगे कि क्यों जरूरी है खेलना? *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

## जुगनू जैसी चमकती कहानियां

बच्चो, हाल में ही बाल कथाओं की एक किताब आई है, जिसका नाम है- चमकते जुगनू। इसमें बड़ी मजेदार और कुछ अलग मिजाज की 10 कहानियां हैं। हालांकि पुस्तक के शीर्षक वाली कहानी छठे क्रम में आती है, लेकिन यहां तक पहुंचते तुम्हें देर नहीं लगेगी। इन कहानियों को पढ़कर तुम्हें बोरियत महसूस नहीं होगी और न ही ऐसा लगेगा कि जबर्दस्ती कोई तुमको सीख दे रहा है या पाठ पढ़ा रहा है। इन कहानियों में हर कैरेक्टर की अपनी अलग भाषा है। हर कहानी में एक ताजगी है, उत्सुकता जगाती है। तुम पहले से अंदाजा नहीं लगा पाओगे कि आगे क्या होगा? पहली कहानी 'दादाजी का दर्द' एक सबक है एक बच्ची का, उन बड़ों को, जो मोबाइल की बुराई करने से पीछे नहीं हटते। इसी तरह 'गंदा काम-अच्छा काम' कहानी एक प्यार भरी थपकी से कितनी बढ़िया बात कह जाती है। 'चमकते जुगनू' कहानी में जुगनू नाम का बच्चा, असली जुगनुओं की तलाश में निकल पड़ता है। कहानी पर्यावरण का महत्व बताती है। दीपावली, ईद, नए साल और अप्रैल फूल जैसे विषयों पर भी बहुत रोचक कहानियां तुम इस किताब में पढ़ सकते हो। *




**किताब :** चमकते जुगनू (कहानी संग्रह), **लेखक :** विज्ञान भूषण
**मूल्य :** 149 रुपए, **प्रकाशक :** सर्वभाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली

बूझो तो जानें / डॉ. राकेश चक्र

1. **कुछ होते** हैं घर के अंदर कुछ होते मैदान में।
शक्ति बढ़ती तन और मन की नाम बताओ कान में।।
2. **न ही** लू है गर्मी वाली न ही वह घर का डोर
चार हैं खाने सोलह गोटियां चार ही बच्चे न हों बोर।।
3. **चार भुजाएं** रहें बराबर चार गोल कोनों पर छेद।
एक स्ट्राइकर, उन्नीस गोटियां लाल, काली और सफेद।।

उत्तर: 1.खेल, 2.लूडो, 3.कैरम

## जीके क्विज-168

1. जुलाई-2025 का आइसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ किस क्रिकेटर को चुना गया?
2. किस भारतीय खिलाड़ी को 'हॉकी का जादूगर' उपनाम से जाना जाता है?
3. ओलंपिक में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक किसने जीता था?
4. मनिका बत्रा का संबंध किस खेल से है?
5. खेलों से संबंधित द्रोणाचार्य पुरस्कार किसे प्रदान किया जाता है?
6. भारत का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम कौन-सा है?
7. फुटबॉल में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
8. डेविस कप किस खेल से संबंधित है?
9. 'एलबीडब्ल्यू' टर्म किस खेल से संबंधित है?
10. भारत में खेलों से संबंधित कौन सा सबसे बड़ा पुरस्कार दिया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-168 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-167 का उत्तर :** 1.रोहित कृष्ण, 2.सोडियम और क्लोराइड, 3.मनिका विश्वकर्मा, 4.मेजर ध्यानचंद, 5.मुंबई, 6.बारिश या तूफान का संकेत, 7.यमुना, 8.ब्राजील, 9.नाइट्रोजन, 10.यूएसए और कनाडा

**जीके क्विज-167 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ-बिलासपुर, नैतिक-मानपुर, कबीर-हिसार, तुषार-रायपुर, आदित्य-रोहतक, कुसुम-भोपाल, संकेत-रायगढ़, अंकुर-बेमेतरा, रोहन-बालोद, कनिष्क-दिल्ली, सार्थक-महासमुंद

# साइकिल रेस

खेल कोई भी हो, जीत आसानी से नहीं मिलती, इसके लिए लगन के साथ कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। विजित कई साल से साइकिल रेस में जीत हासिल नहीं कर पा रहा था, लेकिन इस बार उसने साइकिल रेस की तैयारी बहुत जमकर की फिर जो हुआ वह जीवन के लिए एक बड़ा सबक था।





कहानी
पूनम पांडे

बार-बार विजित को एक ही सपना आ रहा था। आज फिर उसने वही सपना देखा- उसने साइकिल रेस में भाग लिया है, वह जीत गया है। विजित को यह सपना उसे एक नए उत्साह से भर देता। ऐसा नहीं था कि विजित केवल सपना ही देखता था। वह मन लगाकर दिन-रात साइकिल रेस के लिए तैयारी में लगा था। विजित उन लोगों के पास भी निरंतर जाता रहता था, जिन्होंने पिछले कुछ सालों में साइकिल रेस जीती थीं। इनसे वह साइकिल रेस जीतने के लिए अच्छे टिप्स लेता। विजित इस बात को अच्छी तरह समझता था, चैंपियन बनने के लिए लगन के साथ कड़ी मेहनत करनी होगी। विजित जिस कॉलोनी में रहता था, उस कॉलोनी में कोई न कोई किसी खेल में पारंगत था। कोई शतरंज का, कोई तैराकी का तो कोई टेनिस या कोई साइकिल रेस का चैंपियन था।

विजित को पांच-छह साल की आयु से बहुत अच्छी तरह साइकिल चलानी आ गई थी। अब वह बारह साल का था। विजित का मन उससे बार-बार यही कहता था, अगर वह मन लगाकर सही ढंग से रेस की प्रैक्टिस करेगा तो जीत जरूर हासिल होगी।

वैसे विजित पहली बार साइकिल रेस में भाग नहीं ले रहा था। वह पिछले तीन साल से रेस में भाग ले रहा था। लेकिन उसकी तैयारी इस स्तर की नहीं रहती कि वह जीत सके। विजित के मन में साइकिल रेस जीतने की प्रबल इच्छा थी। यही इच्छा उसको अतीत में हुई पराजय की शर्मिंदगी से बाहर ला सकती थी। इस बार भी विजित ने साइकिल रेसिंग कॉम्पिटिशन में अपना नाम लिखवा दिया था। अगले महीने साइकिल रेस होनी थी। विजित अपनी पढ़ाई के साथ साइकिल रेस की प्रैक्टिस में जी-जान से जुटा था। जब वह तेज गति से साइकिल के पैडल मारने की प्रैक्टिस करता तो उसके पैरों में दर्द होने लगता था। पहले भी रेस की तैयारी में उसके पैरों में दर्द हो जाया करता था, लेकिन वह किसी को बताता नहीं था। इस बार उसने यह बात अपने मम्मी-पापा से छुपाई नहीं, उनकी सलाह ली। स्कूल में खेल शिक्षक से भी बात की, उन्होंने जो सलाह दी, उस पर अमल किया। उसकी मम्मी ने भी उसे पैरों के कुछ ऐसे व्यायाम बताए, जो पैरों की नसों को मजबूत करते हैं। मम्मी ने उसको कुछ आसनों को करने की विधि बताई, जो वह नियमित करता। इन आसनों को करने से उसकी शारीरिक ही नहीं भीतरी शक्ति भी बढ़ी।

विजित ने मन ही मन यह भी सोच लिया था, अगर वह इस बार भी साइकिल रेस में हारा तो कतई निराश नहीं होगा। पिछली बार की तरह सुबकते हुए घर नहीं आएगा। इसके लिए ना तो साइक्लिंग ट्रैक को और ना ही मौसम को जिम्मेदार ठहराएगा। वह अपनी हार के लिए किसी को बुरा-भला कहकर उसे पीठ पीछे अपमानित भी नहीं करेगा। अपनी हार के सदमे में ना आकर आगे और बेहतर करके जीत का संकल्प लेगा। वह साइकिल रेस को जीवन के लिए एक नया अनुभव और सबक मानेगा। इसी सकारात्मक सोच को मन में संजोकर विजित हर रोज जोश और जज्बे के साथ साइकिल रेस का अभ्यास करता रहा। उसने साइकिल रेस के लिए खुद को काफी अच्छी तरह तैयार कर लिया था।

रेस वाला दिन आ गया। इस बार उसे ना तो घबराहट हो रही थी, ना तनाव और न कोई चिंता। वह निश्चिंत होकर प्रतियोगिता मैदान में आकर बाकी प्रतिभागियों के साथ कतार में खड़ा हो गया। सभी प्रतिभागियों को निर्देश दिए गए। सीटी बजी, एक-दो-तीन की आवाज के साथ रेस आरंभ हुई। इस बार कमाल हो गया। विजित सबसे आगे था। बड़ी आसानी से विजित ने साइकिल रेस पूरी की। वह प्रथम आया। वह आज बहुत खुशी के साथ ट्रॉफी लेकर घर आया। मम्मी-पापा ने उसे गले लगाया और शाबाशी दी। पापा बोले कि रविवार को उसे अपने साथ शहर के प्रसिद्ध खेल म्यूजियम की सैर कराने ले जाएंगे। रविवार को विजित म्यूजियम गया। उसने वहां पुराने समय के बड़े-बड़े चैंपियंस की फोटोज देखीं, उनसे जुड़ी जानकारी ली, जो उसके लिए बहुत इंस्पायरिंग थी। विजित ने संकल्प लिया, वह भी इनकी तरह खेल की दुनिया में कोई बड़ी जीत हासिल करेगा, अपने देश का गौरव बढ़ाएगा, अपना नाम भी रोशन करेगा। *

कविता
डॉ. कमलेंद्र कुमार श्रीवास्तव



## आओ भैया खेलें खेल

आओ भैया खेलें खेल
चोर-पुलिस हम आओ खेलें
बन राजू एक सिपाही।
मैं इंस्पेक्टर बन जाऊंगी,
इक चोर बनेगी माही।
भैया तुम सरदार बनोगे,
भेजूंगी मैं सबको जेल।
आओ भैया खेलें खेल।
छुपन-छुपाई आओ खेलें,
राजू, माही आएंगे।
सौ तक गिनती बोलोगे तुम,
हम सब तब छुप जाएंगे।
टीप पड़ेगी तुम पर भैया,
कर देंगे हम तुमको फेल।
आओ भैया खेलें खेल।
डॉक्टर-डॉक्टर आओ खेलें,
अब बात सुनो तुम मेरी।
तुम मरीज बन जाना मेरे,
तुम तनिक न करना देरी।
तुमको सुई लगाऊंगी मैं,
मत तुम खाना पूड़ी भेल।
आओ भैया खेलें खेल।
ट्रेन-ट्रेन हम आओ खेलें,
आपस में मिलजुल सारे।
डिब्बे माही, राजू बनकर,
तुम गार्ड लगोगे प्यारे।
इंजन बन नानी घर जाऊं,
कितनी अच्छी अपनी रेल।
आओ भैया खेलें खेल।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां फुटबॉल खेल रहे कुछ लड़कों के एक जैसे दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। ये दोनों चित्र भले ही एक जैसे दिख रहे हों, लेकिन इनमें पांच अंतर हैं। तुम तीन मिनट में सभी पांच अंतर ढूंढकर बताओ।



उत्तर: 1.फुटबॉल पर ब्लैक स्पॉट्स नहीं है। 2.बाईं तरफ के लड़के की स्पोर्ट्स टीशर्ट का प्रिंट अलग है। 3.गोलकीपर की टीशर्ट पर नंबर नहीं है। 4.दाईं तरफ वाले लड़के के एक पैर में मोजा नहीं है। 5.बैकग्राउंड में दाईं तरफ झाड़ियों का रंग हरा है।

## गिनकर बताओ

बच्चो, यहां अलग-अलग स्पोर्ट्स में यूज होने वाली बॉल्स के कई सारे चित्र दिए गए हैं। तुम गिनकर बताओ कि यहां कौन-सी बॉल कितनी संख्या में है?



## खबर संक्षेप

### नेत्रदान जागरूकता सेमिनार आयोजित

**रोहतक।** क्षेत्रीय नेत्र बैंक मेडिकल कॉलेज दृष्टि विहीनता एवं दृष्टि क्षीणता समिति, स्वास्थ्य विभाग की तरफ से नेत्रदान महादान के राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े कें दूसरे दिन बृहस्पतिवार को नेत्रदान जागरुकता कार्यक्रम हार्ट ड्रोन स्किल डेवलपमेंट शेल्टर सुखपुरा चौक मे किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व नेत्र अधिकारी दिनेश शर्मा ने बताया कि नेत्रदान मृत्यु के बाद किया जा सकता है। 6 से 8 घंटे के अंदर-अंदर में नेत्रों की प्राप्ति करनी होती है। नेत्रों का दान परिवार की सहमति पर उनकी इच्छा अनुसार ही किया जाता है।

### आकाश स्कूल मोखरा ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

**रोहतक।** हरियाणा जंप रोप संघ के तत्वावधान में आयोजित 17वीं जिला स्तरीय जंप रोप प्रतियोगिता 2025 में आकाश इंटरनेशनल स्कूल मोखरा ने ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। दूसरे स्थान पर एसडी पब्लिक स्कूल लाहली रहा जबकि स्कॉलर रोजरी स्कूल और डीएवी पब्लिक स्कूल ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। आयोजक सचिव ज्योति शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में रोहतक जिले के 20 स्कूलों से 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया और विभिन्न इवेंट्स में शानदार प्रदर्शन कर मेडल हासिल किए।
इस प्रतियोगिता का उद्घाटन वार्ड 8 से पार्षद अंजू सैनी, आईडीसी संघ से विकास बंसल एवं राकेश गुप्ता, तथा सैनी एजुकेशन सोसायटी के उपप्रधान एडवोकेट देवेंद्र सैनी की अध्यक्षता में हुआ।

### जन्मदिन पर पंद्रह पौधे लगाए

**रोहतक।** भारत विकास परिषद् ने एक अनुकरणीय पहल करते हुए बच्चों को प्रकृति-प्रेम, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण के मूल्यवान संस्कार देने का बीड़ा उठाया है। इसी कड़ी में डीएवी विद्यालय, में कक्षा द्वितीय के छात्र गर्वित अहलावत का जन्मदिवस विशेष ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में वैदिक हवन से हुई। परिसर में 15 फलदार, फूलदार एवं चन्दन का पौधरोपण किया गया। भारत विकास परिषद सैक्टर शाखा रोहतक अध्यक्ष रमेश अहलावत तथा स्वर्ण पथ शाखा सोनीपत अध्यक्ष मनोज सपरा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## लड़कियों की कुश्ती प्रतियोगिता में अंडर-14 में निधि प्रथम व शिक्षा द्वितीय

# खो-खो प्रतियोगिता में कलानौर और रोहतक ब्लॉक ने लहराया परचम

- खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीमवर्क और तकनीकी कौशल के साथ दमदार प्रदर्शन किया

अंडर-14 वर्ग में कलानौर ब्लॉक प्रथम तथा रोहतक ब्लॉक द्वितीय रहे और इस वर्ग से चयनित खिलाड़ी रही दीपिका, डिकी, रितिका, वर्षा, निशा, अंतिम, इशा, नैन्सी, सोनाक्षी, मोनिका, रिया। सभी को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला स्तरीय खो-खो, स्केटिंग एवं कुश्ती प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल भावना का परिचय दिया, खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीमवर्क और तकनीकी कौशल के साथ दमदार प्रदर्शन किया, जिससे मैच बेहद रोमांचक रहे। यह जानकारी जिला सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संजय मलिक ने दी। उन्होंने बताया कि चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रोहतक जिले की पहचान को और मजबूत करेंगे। संजय मलिक ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और शुभकामनाएं दीं कि वे आगामी चरण में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करें।

मीडिया कन्वीनर डॉ. जनक राज ने बताया कि जिला स्तरीय लड़कियों की खो-खो प्रतियोगिता राजीव गांधी खेल परिसर में आयोजित हुई, जिसमें अंडर-17 वर्ग में रोहतक ब्लॉक प्रथम तथा सांपला ब्लॉक द्वितीय रहे और इस वर्ग से चयनित खिलाड़ी रहीं– दीक्षा, खुशी, लीजा, हंसिका, स्नेहा, स्वाति, पल्लवी, भावना, मुस्कान, खुशी, काफी; वहीं अंडर-19 वर्ग में रोहतक ब्लॉक प्रथम तथा सांपला ब्लॉक द्वितीय रहे। इस वर्ग से चयनित खिलाड़ी रही हिमांशी, सलोनी, गुंजन, ललिता, नेहा, दीपिका, लक्षिता, प्राची, सुहानी, गुंजन, प्रियांशी, रिया, ये सभी खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुईं। इसी प्रकार सर छोटू राम स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय लड़कियों की कुश्ती प्रतियोगिता में अंडर-14 वर्ग के 30 किग्रा में निधि प्रथम व शिक्षा द्वितीय, 33 किग्रा में अंकिता प्रथम व वर्षा द्वितीय, 36 किग्रा में जिया प्रथम व किरण द्वितीय, 39 किग्रा में खुशी प्रथम व नियति द्वितीय, 42 किग्रा में संध्या प्रथम व हिमानी द्वितीय, 46 किग्रा में तमन्ना प्रथम व ट्यूनीशा द्वितीय, 50 किग्रा में मोहिनी प्रथम व सूरीना द्वितीय, 54 किग्रा में चेतना प्रथम, 58 किग्रा में यशिका प्रथम तथा 62 किग्रा में निकिता मलिक प्रथम रहीं; अंडर-17 वर्ग में 40 किग्रा में मीनाक्षी प्रथम व वंशिका द्वितीय, 43 किग्रा में सोनू प्रथम व काफी द्वितीय, 46 किग्रा में काजल प्रथम व स्वाति द्वितीय, 49 किग्रा में खुशी प्रथम व साक्षी द्वितीय, 53 किग्रा में साक्षी प्रथम व दिया कौशिक द्वितीय, 57 किग्रा में अदिति प्रथम व निशु द्वितीय, 61 किग्रा में नीति प्रथम व गरिमा द्वितीय, 65 किग्रा में हर्षिता रानी प्रथम व प्रिया द्वितीय, 69 किग्रा में निधि प्रथम तथा 73 किग्रा में दिव्या प्रथम व रुचि द्वितीय रहीं;



रोहतक। जिला स्तरीय लड़कियों में आयु वर्ग अंडर 14 वर्ष की खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त टीमों के साथ इंचार्ज राजवीर सिंह व अन्य।



रोहतक। स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

### अंडर-19 वर्ग के ये रहे परिणाम

अंडर-19 वर्ग में 50 किग्रा में अनु प्रथम व कशिश द्वितीय, 53 किग्रा में तनीषा प्रथम व नेहा द्वितीय, 55 किग्रा में कीर्ति प्रथम, 57 किग्रा में अंकुल प्रथम, 59 किग्रा में तमन्ना प्रथम, 62 किग्रा में अनु प्रथम व हुनर द्वितीय, 65 किग्रा में खुशी सिंधु प्रथम तथा 68 किग्रा में भारती प्रथम स्थान पर रहीं, लड़कों की जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में इनलाइन और क्वॉड इवेंट में आयु वर्ग अंडर 14 वर्ष में लड़कों में दीप, अभय, अर्जुन, संयम, तन्मय, चैतन्य और अंडर 17 वर्ष में यश, मिलन, मानस, कार्तिक, कुश, क्रीनटिंन और आयु वर्ग अंडर 19 वर्ष में आशीष, रोहित, प्रतीक, जतिन, परविंदर, यशवर्धन आदि का चयन राज्य स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता के लिए किया गया, ये सभी विजेता खिलाड़ियों का चयन विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए किया गया है।



रोहतक। पौधरोपण करते रोटरी क्लब के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## रोटरी क्लब का साल में पांच हजार पौधे लगाने का लक्ष्य

- रोटरी क्लब रोहतक सेंट्रल ने चलाया पौधा रोपण अभियान
- पेड़ धरती पर जीवन का प्रतीक, पेड़ो के बिना हमारा जीवन असंभव : डॉ मार्कंडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोटरी क्लब रोहतक सेंट्रल ने बृहस्पतिवार को पर्यावरण संरक्षण के लिए शहर में कई जगह पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। क्लब सदस्यों ने पौधों की देखभाल की शपथ लेते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए हरे-भरे वातावरण का निर्माण करने का संकल्प लिया। क्लब चेयरमैन डॉ. मारकंडेय आहूजा ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पेड़ कुदरत का एक अनमोल और बहुमूल्य तोहफ़ा है। पेड़ धरती पर जीवन का प्रतीक है और पेड़ो के बिना हमारा धरती पर जीवन असंभव है। कोरोना काल में लोग ऑक्सीजन खरीदने के लिए लाखों रुपये खर्च कर रहे थे, जबकि हरे-भरे वृक्ष प्रकृति से हमें मुफ्त ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। प्रधान सुमित परुथी ने बताया कि क्लब इस वर्ष 5000 पेड़ लगाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। वृक्षारोपण कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन अमित कादयान ने कहा कि रोटरी क्लब के सदस्य पेड़-पौधों की देखरेख करेंगे। क्लब फैसिलिटेटर रोटेरियन मुकेश टक्कर ने कहा कि चतुर्मास शुरू हो चुका है, जो पेड़ लगाने के लिए एक आदर्श समय है। इस मौके पर डा.अंजु आहुजा, डा. दीपांशी गर्ग, गीत परुथी,प्रीति चुघ,रूचि कादयान, सुरेश भूटानी, दीपित भूटानी, राधाकिशन मिगलानी, डा.तरुण गुलाटी के अलावा कार्यक्रम में सेक्टर 34 के मोर्निंग वाक कमेटी के सदस्य रामनिवास सिवाच, नरेश दहिया, अवतार दहिया भी मौजूद रहे।



रोहतक। पूजा अर्चना करते पूर्व मेयर मनमोहन गोयल। फोटो : हरिभूमि

### भाईचारे को बढ़ावा देता है गणेश महोत्सव : मनमोहन

रोहतक( गणेश महोत्सव के दूसरे दिन रेजिडेंट मानसरोवर कॉलोनी संगठन के समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे पूर्व मेयर एवं समाजसेवी मनमोहन गोयल ने बताया कि गणेश महोत्सव भाईचारे को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि पिछले 6 वर्ष से वह लगातार इस समारोह में गणपति बप्पा का आशीर्वाद लेने आते हैं और उन्हें खुशी है कि कॉलोनी में आपसी भाईचारा है जिसकी वजह से सभी कॉलोनी वासी मिलकर गणेश महोत्सव मनाते हैं। उन्होंने आयोजको को बधाई देते हुए कहा कि विघ्नहर्ता गणपति महाराज उनके सभी कार्य पूर्ण करें। इस अवसर पर सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही जिसका लोगों ने खूब लुफ्त उठाया। राधा कृष्ण के रूप में कलाकारों ने सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी।

## वैदिक सेवा ट्रस्ट ने गणपति उत्सव में आयोजित की भजन संध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वैदिक सेवा ट्रस्ट द्वारा मॉडल टाउन कम्युनिटी सेंटर में गणपति उत्सव के तहत भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य धर्मबीर प्रसाद वेदपाठी एवं पंडित ओम प्रकाश शर्मा (गुफावाला मंदिर) के सानिध्य में हुआ। ट्रस्ट के महिला मंडल की ओर से बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सभी उम्र के बच्चों ने भाग लेकर रंग-बिरंगे चित्र बनाए। विजेता बच्चों को ट्रस्ट की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए।सायं साढ़े सात बजे गणपति की आरती आचार्य देव कृष्ण शौनक ने संपन्न करवाई। इसके उपरांत रात 8 बजे से प्रसिद्ध भजन गायक कुमार वीरेंद्र ने गणपति बप्पा मोरया, घर में पधारो गजानन, वक्रतुंड महाकाय सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्तजन भजनों पर झूमते हुए भावविभोर हो उठे।



रोहतक। गणपति उत्सव में झांकी पुस्तुत करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

## भाजपा ने चुनावी संकल्प पत्र का वादा किया पूरा: खरक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



शमशेर सिंह खरक।

- आगामी 25 सितंबर, 2025 से महिलाओं को मिलेंगें हर महीने 2100 रुपये

हरियाणा भाजपा क़े प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने हरियाणा सरकार द्वारा 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' की घोषणा करने के उपरांत कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कैबिनेट से इस योजना पर मोहर लगवा कर यह भी सिद्ध करके दिखा दिया है जनता हित में जो संकल्प भारतीय जनता पार्टी लेती है उन्हें पूरा करती है। खरक ने कहा कि जिस परिवार की 1 लाख से कम आमदनी है और जिन बहनों की आयु 23 साल और अधिकतम 60 साल है, उनके लिए ये योजना है। हरियाणा की नायब सरकार दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना 25 सितंबर से शुभारंभ करने जा रही है। पहले चरण में 20 से 22 लाख बहनें इस योजना से जुड़ेंगी। मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके नेतृत्व में हरियाणा दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की कर रहा है और सभी वर्गों और हर क्षेत्र का विकास सम्मान रूप से हो रहा है।

## गणेश महोत्सव के दूसरे दिन भक्ति व उत्साह का माहौल

रोहतक। श्री 78 संघ परिवार एवं दुर्गा भवन मंदिर के सहयोग से चल रहा 17वां गणेश महोत्सव दूसरे दिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। संध्या आरती में भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रसिद्ध समाजसेवी रविंद्र गर्ग एवं चंद्र गर्ग ने पंडाल में गणपति महाराज की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात पंडाल में बाबा श्याम का आलोकित दरबार सजाया गया। भजनों की प्रस्तुति में रोहतक से आए भजन गायक अंकित मित्तल तथा दिल्ली से पहुंची साक्षी चोपड़ा ने बाबा श्याम के भजनों का गुणगान कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भजनों पर झूमते हुए भक्तों ने बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त किया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि शाम पंडाल में अनिल सुनील तिलकधारी (हिसार) द्वारा विशेष झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से पंडाल में पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद लेने और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने का आह्वान किया है।



रोहतक। दुर्गा भवन मंदिर के गणेश महोत्सव में मौजूद भक्तजन।

### काटे गए पेड़ों के मामले में एसपी से मिलेंगे : नवीन

**रोहतक।** जयहिन्द सेना सुप्रीमो नवीन जयहिन्द ने बताया कि सेक्टर 6 भ्रष्टाचार व भेदभाव की नींव पर बना हुआ सेक्टर है जिसकी सरकार को जांच करवानी चाहिए। पत्रकारों से बातचीत में नवीन ने कहा कि एसपी को पेड़ों को काटने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए 24 घंटे का समय दिया गया था। लेकिन उन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। अब इस मामले में शुक्रवार को एसपी से मुलाकात की जाएगी।

जयहिन्द ने सबूत दिखाते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट भी यह फैसला सुना चुकी है कि पेड़ काटना इंसान की हत्या करने से भी बदतर है और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री एक पेड़ मां के नाम का नारा दे रहे हैं। जयहिन्द ने बताया कि पूरे सेक्टर 6 का मामला सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है जिसमें अभी कोई फैसला नहीं सुनाया गया है।

## आरकेपी स्कूल के विद्यार्थियों ने किया डेयरी प्लांट का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

रामकृष्ण परमहंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना के 11वीं और 12वीं कक्षा के वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने वीरवार को आईएमटी रोहतक स्थित साबर डेयरी प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यालय निदेशक साहिल दांगी ने बताया कि स्कूल से विद्यार्थियों को डॉ. सुषमा और पूजा बुधिराजा अगुवाई में अमूल प्लांट के औद्योगिक भ्रमण के लिए भेजा गया था। वहां बच्चों ने प्लांट के एचआर हेड देवेंद्र पुनिया के निर्देशन में छात्रों ने डेयरी उद्योग संचालन की संपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस भ्रमण में अमूल के विभिन्न उत्पादों की मांग और पूर्ति को जानने और समझने का मौका मिला।



फोटो 1 महम। डेयरी प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण करने रोहतक पहुंचे आरकेपी स्कूल मदीना के विद्यार्थी।

### फसल में नुकसान के दावा को पोर्टल खुला

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया कि खरीफ फसल क्षति का दावा दर्ज कराने के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल को आगामी दस सितंबर तक खोला गया है। किसान फसल क्षति संबंधी जानकारी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपलोड करें।

## उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# समाधान शिविर की हर शिकायत का प्राथमिकता करें निपटारा: डीसी

- प्रत्येक व्यक्ति की उचित शिकायत का यथासंभव शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की उचित शिकायत का यथासंभव शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए ताकि नागरिकों को बार-बार न आना पड़े। सरकार के निर्देशानुसार एक छत के नीचे हर नागरिक की हर समस्या का तुरंत निदान करने के उद्देश्य से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। गुप्ता वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, नगर निगम के डीएमसी जितेंद्र कुमार के साथ समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि नागरिक समाधान शिविर में अपनी शिकायतों के निपटारे की उम्मीद लेकर आते हैं। इसलिए अधिकारी नागरिकों की उचित शिकायतों का अति शीघ्र निपटारा करें ताकि उन्हें बार-बार चक्कर न लगाने पड़े। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने परिवार पहचान पत्र से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा शिकायतकत्र्ताओं की वार्षिक आय की भौतिक जांच करवाई जाएगी। इस जांच के आधार पर ही परिवार पहचान पत्र में दर्ज वार्षिक आय में संशोधन किया जाएगा।




रोहतक। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी निर्देश पर लग रहे शिविर

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार हर नागरिक की प्रत्येक शिकायत/समस्या का तुरंत निपटारा करने के उद्देश्य से हर सप्ताह के सोमवार व वीरवार को सुबह-10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय एवं उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं तथा शिविर में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत को मौके पर निपटाने की प्रक्रिया शुरू की जाती है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि नागरिकों की हर शिकायत का यथासंभव समाधान किया जाए।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

Govt. Regd.
WINTRON LIBRARY
...peaceful place to win your dreams
FACILITIES
- Peaceful with strict disciplined & Motivational environment
- Situated in Sec-14 in front of MDU Gate No. 2
- Best Lighting for study
- Separate Seats for Girls
- Employment Newspaper
- Well furnished & Fully A.C.
- Free Wi-Fi Zone
- 24x7 power backup
- Parking Facility
- CCTV Surveillance
- Reserve Seats Available
- Fix Seats Available
- Seats with Computer Facility available
Address: SCO-6, Sector-14, Rohtak
Contact: 8930246662

RADHA SWAMI NURSING COLLEGE
(Recognised/Affiliated by Haryana Govt/HN&NMC/INC)
Approved by NIILM University
VPO Kharkara, Distt. Rohtak M. 9812072127
Admission & Guidance (Session 2025-26)
हरियाणा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोर्स करने के लिए संपर्क करें

| Course | Duration | Eligibility |
|---|---|---|
| GNM (Nursing Officer) | 3 Years | 12th Any Stream |

UNIVERSITY COURSE
X-Ray Technician | Physiotherapy | Fire Safety & Technician
Radiology & Imaging Technology | Medical Laboratory Technician
And many others Diploma/B.SC/M.SC Degree Course offered by University.
Rohtak Off.: Radha Swami Medical Institute
Shastri Nagar Hisar Road Bye Pass, Rohtak M. 9812072127

ADARSH COLLEGE OF EDUCATION
Adarsh School Of Nursing
MADINA, ROHTAK
Affiliated to Haryana Govt. HNRC & INC
ADMISSION OPEN
ANM 2 YEARS | GNM 3 YEARS | JBT 2 YEARS
LIMITED SEATS
SC/ST को सरकार से 100% फीस छात्रवृति
ELIGIBILITY: 10+2 in any stream with 45% Marks SC/BC with 40% Marks | AGE LIMIT: 17-35 Years.
Required Nursing Tutors
रोहतक और नजदीक के गांव से बस सुविधा उपलब्ध
Mob.: 8307117069, 9306840763, 9485578148
Email: adarshschoolmadina@gmail.com

S.V. COLLEGE
18 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत
हेल्थकेयर क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका
Courses:- Limited Seats
DMLT | HOSPITAL MANAGEMENT
DOTT | Radio & Medical Imaging Technology
Eligibilty 12th in any Stream
All Para Medical Course
(6 Month Certificate, 2/3 Years Programme)
UNDER UGC & MHRD (Govt. of India) Approved
Online Course
(नौकरी के साथ पढ़ाई)
BA - MA | B. COM - M. COM
BCA - MCA | LLB - LLM
BBA - MBA | & many more...
UGC-अप्रूव्ड कोर्स के साथ काउंसिलिंग रजिस्ट्रेशन भी करवाया जाता हैं।
Jind Hissar Bypass Railway Bridge, (Nehru Colony) Rohtak -124001
98126-69100, 94665-10173

## खबर संक्षेप



### समरगोपालपुर में बाबा गिरधारीदास मंदिर में हवन

**रोहतक।** गांव समरगोपालपुर में बाबा गिरधारीदास मंदिर में हवन व भंडारा लगाया गया। इस मौके पर स्वास्थ विभाग की टीम ने 40 वां नेत्रदान पखवाड़ा मनाया गया। मेडिकल ऑफिसर डॉ. विनती ने सभी को नेत्रदान की शपथ दिलवाई। जिसमें सभी ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. उपासना, नरेश परमार, मनोज, बीरू शर्मा, मनीष, राहुल, ओमप्रकाश, कृष्ण लाल, प्रवीण फौजी आदि उपस्थित रहे।




### रक्तदान शिविर में युवाओं को किया प्रेरित

**रोहतक।** देश भक्ति स्मारक स्थल अंबेड्कर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्त दान शिविर मे मुख्य अतिथि समाजसेवी मनीष गिरधर रहे। संत बाबा सुखा शाह महाराज एवं मनीष गिरधर ने सभी रक्त दाताओं को बेच लगाकर एवं हेलमेट देकर सम्मानित किया एवं ज्यादा से ज्यादा युवाओ को रक्त दान करने के लिए प्रेरित किया।



### स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में एंटरप्रेन्योरशिप पखवाड़ा थीम के तहत एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट क्लब के द्वारा स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 30 छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. सुशीला व डॉ. नीरज ने निभाई। प्रथम स्थान पर तुलसी, दूसरे स्थान पर साक्षी व तीसरे स्थान पर दीपांशी रही।

# सांगवान स्कूल के विद्यार्थियों की खेलों में शानदार उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया है। एसजीएफआई टूर्नामेंट के अंतर्गत योगा, लॉन्ग जंप, जूडो, हाई जंप, शूटिंग, नैट बॉल, एथलेटिक्स आदि प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के बाद विद्यालय के कक्षा नौवीं के तानुष ने एसजीएफआई में जिला स्तरीय एयर राइफल टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, कक्षा 12वीं के छात्र निशांत ने जिला स्तरीय एसजीएफआई बॉक्सिंग टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। उनकी इस अद्भुत उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया कि सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के छात्र किसी भी प्रतिस्पर्धा में पीछे नहीं रहते। इस शानदार सफलता पर विद्यालय प्रबंधक राजेश सांगवान, प्रधानाचार्या मनीषा सांगवान तथा विद्यालय समन्वयक प्रमिला सांगवान



ने विजेता विद्यार्थियों एवं खेल प्रशिक्षक विकास और उनकी पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यालय के होनहार विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों एवं प्रदेश का नाम न केवल राष्ट्रीय स्तर पर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी गर्व से ऊंचा करेंगे।

# आने वाला समय शिक्षा में क्रांति का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र द्वारा आयोजित "राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में प्रभावी अध्यापन-अधिगम के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग" विषयक सात दिवसीय राष्ट्रीय अप-स्किलिंग कार्यक्रम के चौथे दिन प्रो. आरसी शर्मा और प्रो. शाहिद रसूल ने प्रतिभागियों को प्रौद्योगिकी और डिजिटल पेडागॉजी के बदलते परिदृश्य पर व्याख्यान दिया। प्रो. आरसी शर्मा ने आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस और उभरती प्रौद्योगिकियों पर विचार रखते हुए कहा कि आने वाला समय शिक्षा में एक क्रांति का समय है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा को केवल व्यक्तिगत और प्रभावी ही नहीं बनाएगी बल्कि इसे सृजनात्मकता और नवाचार की नई दिशा भी देगी। वैश्विक आंकड़ों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में एआई का वैश्विक बाज़ार खरबों डॉलर का हो जाएगा और शिक्षा इसका सबसे बड़ा लाभार्थी



### उच्च शिक्षा आज सबसे तेज गति से बदल रही

प्रो. शाहिद रसूल कहा कि प्रौद्योगिकी केवल एक उपकरण है, जबकि डिजिटल पेडागॉजी एक दर्शन है। जब हम दर्शन को समझ लेते हैं तो उपकरणों का उपयोग सहज हो जाता है।"उन्होंने स्पष्ट किया कि उच्च शिक्षा आज सबसे तेज गति से बदल रही है। विद्यार्थी अब डिजिटल नेटिव के रूप में जन्म ले रहे हैं और कॉर्पोरेट जगत केवल डिग्रियों के बजाय कौशलयुक्त कार्यबल की अपेक्षा कर रहा है। ऐसे समय में विश्वविद्यालयों को डिजिटल शिक्षण की संस्थागत संस्कृति विकसित करनी ही होगी।

### विमर्श शिक्षकों को नई दृष्टि देता है

यूजीसी–एमएमटीटीसी, एमडीयू के निदेशक प्रो. मुनीष गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के विमर्श न केवल शिक्षकों को नई दृष्टि प्रदान करते हैं बल्कि संस्थानों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। डॉ. माधुरी हुड्डा, डिप्टी डायरेक्टर एवं प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर ने वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए, दोनों वक्ताओं के विचारों को समयानुकूल और प्रेरणादायी बताते हुए प्रतिभागियों से इन्हें अपने अध्यापन में आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन दक्षता और समन्वय के साथ कार्यक्रम संयोजक डॉ. संदीप अग्रवाल एवं डॉ. सुनील देवी खरब, सहायक प्रोफेसर, एमडीयू–सीपीएएस, गुरुग्राम द्वारा किया गया।

## सफाई में अब निगम के साथी बनेंगे स्कूल-कॉलेज और व्यापारी

# शहर को स्वच्छ बनाने के लिए अब चालान का सहारा लेगा नगर निगम

### शहर की सफाई सिर्फ निगम नहीं, समाज की भी जिम्मेदारी

*शनिवार को होनी है आरडब्ल्यूए, होटल, बैंक्वेट हॉल मालिकों के साथ मीटिंग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम द्वारा हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान-2025 के तहत चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियानों को और प्रभावी बनाने के लिए अब शिक्षण संस्थान, मार्केट एसोसिएशन और रेहड़ी व फड़ी एसोसिएशन भी सहयोग करेंगे। इस संबंध में निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में वीरवार एक विशेष बैठक आयोजित की गई। जिसमें शहर की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसके साथ ही कड़ा निर्णय लिया गया कि शहर में जो भी गंदगी फैलाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर चालान किया जाएगा। साथ ही बड़े संस्थानों को अपने परिसर से निकलने वाले कूड़े का खुद ही निष्पादन करना होगा।

आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने कहा कि रोहतक को स्वच्छ बनाने का काम केवल नगर निगम का ही नहीं, बल्कि पूरे समाज का है। शिक्षण संस्थान अपने परिसरों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में भी सफाई अभियान चलाएं और छात्रों को इसमें सक्रिय रूप से जोड़ें। बच्चे बदलाव के बड़े वाहक होते हैं और उनके जरिए समाज में स्वच्छता के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाई जा सकती है। उन्होंने सुझाव दिया कि स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी न केवल अपने परिसर को स्वच्छ रखें, बल्कि आमजन को भी जागरूक करने के लिए गतिविधियां आयोजित करें। इसमें नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग प्रतियोगिता, स्वच्छता रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा संस्थानों को सौंदर्यकरण कार्यों पर भी ध्यान देने की अपील की गई है तथा यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि हर संस्थान परिसर में पर्याप्त संख्या में डस्टबिन रखे जाएं।



### स्वच्छता केवल नगर निगम का दायित्व नहीं

आयुक्त डॉ. शर्मा ने कहा स्वच्छता केवल नगर निगम का दायित्व नहीं है, बल्कि हम सबका कर्तव्य है। यदि आपके आसपास कोई व्यक्ति कचरा फैलाता है तो उसे रोकें और समझाएं। यह छोटी-छोटी पहलें ही समाज पर गहरा प्रभाव डालती हैं। उन्होंने कहा कि निगम का उद्देश्य केवल कचरा उठाना नहीं है, बल्कि पूरे शहर को सुंदर और स्वस्थ बनाना है। इसके लिए सभी नागरिकों का सहयोग अनिवार्य है।

### मार्केट एसो. का पूरा सहयोग

इसी तरह, मार्केट एसोसिएशन और रेहड़ी व फड़ी वालों के साथ भी बैठक में चर्चा की गई। आयुक्त ने उनसे अपील की कि वे अपनी-अपनी दुकानों पर डस्टबिन अवश्य रखें और कचरा सड़क या नाली में न डालें, बल्कि केवल नगर निगम के कूड़ा वाहन में ही दें। इसके साथ ही दुकानों के बाहर अतिक्रमण न करने की भी हिदायत दी गई ताकि बाजार की सुंदरता बनी रहे और लोगों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

### शनिवार को होनी है आरडब्ल्यूए के साथ मीटिंग

मेयर रामअवतार वाल्मीकि, आयुक्त आनंद शर्मा की मीटिंग शनिवार को सभी होटल, बैंक्वेट संचालकों, आरडब्ल्यूए और अन्य संगठनों के साथ होगी। जिसमें सभी से सफाई को लेकर सुझाव मांगने के अलावा सफाई अभियान में शामिल करने को लेकर चर्चा होगी।

### यह रहे मौजूद

*बैठक में नगर निगम के विशेष अधिकारी (स्वच्छता) प्रदीप कौशिक, विभिन्न शिक्षण संस्थानों के अधिकारी, मार्केट एसोसिएशन के प्रतिनिधि और रेहड़ी व फड़ी एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने नगर निगम को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान को गति देने का संकल्प लिया। इस पहल के बाद उम्मीद की जा रही है कि रोहतक शहर में स्वच्छता अभियान और अधिक प्रभावशाली होगा तथा आने वाले दिनों में स्वच्छता के स्तर में सकारात्मक बदलाव दिखाई देगा।*

# एमडीएन स्कूल की विजय गाथा का गौरवपूर्ण कीर्तिमान



- छात्रा स्वीटी ने 26-27 अगस्त को सम्पन्न अंडर-17 हाई जंप प्रतियोगिता में अपनी संतुलित ऊर्जा, गहन एकाग्रता और अथक अभ्यास के फलस्वरूप द्वितीय स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एमडीएन पब्लिक स्कूल की प्रतिभाशाली छात्राओं ने हाल ही में विभिन्न सीबीएसई प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन कर विद्यालय परिवार और समूचे रोहतक का मान बढ़ाया है। कक्षा 11 की होनहार छात्रा स्वीटी ने 26-27 अगस्त को सम्पन्न अंडर-17 हाई जंप प्रतियोगिता में अपनी संतुलित ऊर्जा, गहन एकाग्रता और अथक अभ्यास के फलस्वरूप द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनकी यह उपलब्धि स्पष्ट करती है कि सतत अभ्यास ही यश की प्रथम सीढ़ी है। इसी क्रम में विद्यालय की कुशाग्र छात्रा दिव्या ने सीबीएसई ताइक्वांडो प्रतियोगिता (68 किग्रा भार वर्ग) में दृढ़ संकल्प, साहस एवं चित्त की एकाग्रता का परिचय देते हुए तृतीय स्थान अर्जित किया। यह विजय इस तथ्य को उद्घाटित करती है कि अनुशासन और साधना का संगम ही सफलता का प्रामाणिक सूत्र है। सामूहिक प्रतियोगिताओं में भी विद्यालय की छात्राओं ने अपनी सुदृढ़ पहचान स्थापित की। 2 अगस्त से 5 अगस्त तक डीएसएम पब्लिक स्कूल चरखी दादरी में सम्पन्न सीबीएसई क्लस्टर हैंडबॉल प्रतियोगिता (बालिका वर्ग, अंडर–17) में विद्यालय की टीम ने परस्पर सहयोग, संगठनबद्ध समर्पण एवं संघर्षशीलता के बल पर कांस्य पदक तथा ट्रॉफी अर्जित की।

## जीडी गोयनका में मनाया गणेशोत्सव



**रोहक।** जीडी गोयनका सनसिटी-36 में विभिन्न तरीके से गणेशोत्सव मनाया गया। वैसे तो यह कमोबेश पूरे भारत में मनाया जाता है, किन्तु महाराष्ट्र का गणेशोत्सव विशेष रूप से प्रसिद्ध है। महाराष्ट्र में भी पुणे का गणेशोत्सव जगत्प्रसिद्ध है। यह उत्सव, हिन्दू पंचांग के अनुसार भाद्रपद मास की चतुर्थी से चतुर्दशी तक दस दिनों तक चलता है। प्रधानाचार्या अनामिका बलहारा ने इस पावन अवसर पर कहा कि गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूरति मोरया के जयकारे लगाए व क्राफ्ट के माध्यम से उनकी सुंदर प्रतिमा प्रस्तुत की।

### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में मनाया सामूहिक जन्मदिन




**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट परिसर में नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के बच्चों का सामूहिक जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने भी बच्चों की मासूमियत की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या मशेनका, सीमा ढुआ, साक्षी आदि मौजूद रहे।



## जैड ग्लोबल स्कूल में मनाया 'हरित दिवस'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जैड ग्लोबल स्कूल, ऑप्टिमा विंग में एलपीएस बोसार्ड और रोटरी क्लब रोहतक के सौजन्य से एक सफल पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों को पौधे वितरित किए गए। रोटरी क्लब के प्रधान डॉ. एसएल वर्मा ने स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों को वृक्षारोपण का महत्व बताया और बच्चों से यह संकल्प लिया कि वे इन पौधों को अपने घर जाकर बगीचे या गमले में लगाएंगे तथा उनकी पूरी देखभाल करेंगे और रोहतक शहर को हरा-भरा बनाने में पूरा सहयोग देंगे। इस अभियान के तहत 'हर बच्चा एक हरित बच्चा' नारे का आह्वान किया गया। इस मौके पर सचिव डॉ. सुनील मुंजाल, रोटेरियंस रोबिन सचदेवा, डॉ. आर. के. चौधरी, अशोक गुप्ता, अमित नागपाल, अनिल अरोड़ा, सुरेश कथूरिया, अमित मित्तल तथा गवर्नमेंट एम्प्लॉइज़ हाउसिंग सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. पीके मरवाह, उपाध्यक्ष केएस नेहरा, जैड ग्लोबल स्कूल की निदेशिका प्राची गर्ग, प्रधानाचार्या सीमा सचदेवा और उपप्रधानाचार्य योगेश गांधी तथा शैलजा उपस्थित रहे।

## गणेश महोत्सव और श्रीमद् भागवत सप्ताह का शुभारंभ

**रोहतक।** 11वां गणेश महोत्सव व श्रीमद् भागवत सप्ताह का शुभारम्भ बुधवार को हर्षोल्लास के साथ शुरू किया गया। पं. सुनील शास्त्री ने बताया कि तेजराम आश्रम जनता कालोनी में गत 11 वर्षों से गणेश उत्सव का कार्यक्रम जनता कालोनीवासियों के सहयोग से सभी भगतगण मिल-झुलकर करते हैं। उन्होंने कहा कि अबकी बार उत्सव के साथ-साथ श्रीमद् भागवत कथा का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसका समय प्रतिदिन सायं 3 बजे से 6 बजे तक रखा गया है। भागवत कथा व्यास पं. सुनील वशिष्ठ प्रतिदिन कथा सुनाएंगे। जिसमें व्यास पूजन सुखदेव जन्म श्री वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म, गोवर्धन पूजा, रूकमणी मंगल और सुदामा चरित्र के साथ परीक्षित मोक्ष की विशेष भक्तिभाव से और झांकियों साथ प्रस्तुत की जाएगी। कथा के प्रारम्भ के साथ श्री गणेश कलश यात्रा का भी आयोजन किया गया।

- भागवत प्रतिदिन सायं 3 बजे से 6 बजे तक का समया रहेगा

# आर्य स्कूल मदीना के खिलाड़ियों ने सीबीएसई क्लस्टर खेलों में जीते मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना की छात्रा मानसी पुत्री नरेश दांगी ने सीबीएसई क्लस्टर खेल प्रतियोगिता में डिस्कस थ्रो इवेंट में सिल्वर मैडल हासिल किया है। जबकि खिलाड़ी अंजली ने शतरंज प्रतियोगिता मे और रणजीत ने कुश्ती मे गोल्ड मेडल पाकर स्कूल का नाम रोशन किया है। इसके साथ ही स्कूल के तीनों विद्यार्थियो ने राज्यस्तरीय स्कूली प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाइ किया है। इसके अतिरिक्त वॉलीबॉल टीम के सदस्य आकाश ने अंडर 17, हर्ष और अक्षय ने अंडर 19 में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल प्राप्त किया है।

भाविका दांगी ने जैवलिन थ्रो में सिल्वर मैडल और जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कांस्य मैडल प्राप्त किया। सभी खिलाडियों का स्कूल पहुंचने पर स्वागत किया गया। सम्मान समारोह मे विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए स्कूल प्राचार्य अशोक दांगी ने कहा कि ये उनके लिए बड़े गर्व की बात है कि स्कूल के विद्यार्थियो ने अपने अपने खेल में अच्छा प्रदर्शन करते हुए स्कूल और गांव का नाम रोशन किया है। अशोक दांगी ने कहा कि विद्यालय का प्रयास है कि छात्रों को खेल और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाए और वे इस दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं।



**महम।** सीबीएसई क्लस्टर खेलों में पदक जीतने वाली छात्रा को सम्मानित करते शिक्षक।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20



### पीजीआईएमएस अनुबंधित कर्मियों ने की भूख हड़ताल

**रोहतक।** पीजीआईएमएस के अनुबंधित कर्मचारियों ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। उनका आंदोलन 88वें दिन में प्रवेश कर गया है। सभी अनुबंधित कर्मचारियों बेयरर, डाटा ऑपरेटर, इलेक्ट्रिशन, माली, ड्राइवर कर्मचारियों ने मिलकर नारेबाजी कर मांगें दोहराई। उन्होंने कहा कि उनके परिवार बहुत ही दयनीय स्थिति से गुजर रहे हैं। ठेकेदारी प्रथा से सभी का शोषण हो रहा है। इस शोषण से तंग सभी कर्मचारियों को आज इस महंगाई में घर चलना बहुत मुश्किल है।

## वकीलों ने जिला उपायुक्त से पार्किंग सुविधा मुहैया करवाने की मांग उठाई

# लघु सचिवालय व कोर्ट में पार्किंग की पर्याप्त जगह नहीं

- वकीलों को पहले ही पार्किंग में खड़े मिलते हैं वाहन इस लिए वकीलों को नहीं मिलता वहन खड़े करने के लिए उचित स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम के लघु सचिवालय में और कोर्ट परिसर में वाहन खड़ा करने के लिए पार्किंग की पर्याप्त जगह नहीं है। जिस वजह से वकीलों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

महम बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट प्रदीप ढाका, एडवोकेट कुलदीप राठी, सोमी अहलावत, परमजीत ढाका, अशीष सिंगला, प्रदीप गोयत, सोमबीर गोयत, प्रदीप अहलावत और दीपक राठी ने बताया कि जब वे एसडीएम कोर्ट में या फिर तहसीलदार की कोर्ट में मामलों की सुनवाई के लिए लघुसचिवालय में जाते हैं, तो वहां पर वाहन खड़ा करने के लिए जगह नहीं मिलती। पहले से वहां पर वाहन खड़े मिलते हैं, जिस वजह से वकीलों को आस पास खाली जगह में अपना वाहन खड़ा करना पड़ता है। अब एसडीएम मुकुंद ने ऐसी व्यवस्था कर दी है कि कोई भी शेड से बाहर वाहन खड़ा किए मिलता है तो उसका चालान काट दिया जाता है।



### कोर्ट परिसर में वाहन खड़े करने की सुविधा नहीं

वकीलों का कहना है कि या तो पर्याप्त पार्किंग सुविधा होनी चाहिए और यदि ऐसा न होता है, तो पार्किंग की सुविधा मुहैया करवाने तक लघुसचिवालय परिसर में वाहनों के खड़े करने पर रोक नहीं लगानी चाहिए। इसी प्रकार कोर्ट परिसर में भी वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग की सुविधा नहीं है। सोमवार, मंगलवार और शुक्रवार को यहां पर दो कोर्ट लगती हैं, जिस वजह से वकीलों और क्लाइंटस को अपने वाहन बाहर सड़कों के किनारे खड़े करने पड़ते हैं। बार एसोसिएशन महम के वकीलों ने जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता से महम लघुसचिवालय में और कोर्ट परिसर के पास पार्किंग सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग की है। साथ ही कहा है कि जब तक पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह मुहैया नहीं करवाई जाती तब तक लघुसचिवालय में वाहनों के चालान नहीं काटे जाने चाहिएं।